गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष / विश्व बैंक की सहायता

409. **श्री गोपाल सिंह जी सोलकी :** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में जिला-वार किन-किन परियोजनाओं को सयुंक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष / विश्व बैंक की सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा हैं;

(ख) संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष और विश्व बैंक ने सहायता प्रदान करने के लिए क्या मानदंड अपनाए हैं;

(ग) इस क्षेत्र में कब से सहायता मिल रही हैं और पिछले तीन वर्षो के दौरान अभी तक वर्ष –वार एवं जिला-वार कितनी विदेशी सहायता दी जा चुकी है; और

(घ) इस सहायता से अब तक कौन –कौन से कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया गया है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई)

एच.पटेल) (क) से (घ) यूनीसेफ और विश्व बैंक द्वारा सहायता उपलब्ध कराने के मानदंड मंत्रालय के ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को अनुपरित करने की सामान्य नीति पर आधरित है जो राज्य सरकारों के विशेष प्रस्तावों, क्षेत्र की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार होते हैं।

गुजरात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के ब्यौरे विवरण-। में दिए गए हैं। (नीचे देखिए)

जहां तक यूनीसेफ का संबंध हैं, सहायता 1982-83 स ग्रामीण –क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे (डवांकरा समूह) बसर कर रही महिलाओं और शिशुओं के विकास के लिए उपलब्ध कराई जा रही हैं। 25,000 रूपये की आवर्ती निधि की धनराशि प्रत्येक समूह को आय सृजन करने वाली गतिविधियों को शुरू करने हेतु जिला ग्रामीण विकास एजेंसी की मार्फत उपलब्ध कराई जा रही हैं। यूनीसेफ लागत के 20 % अंश की प्रतिपूर्ति कर रहा हैं। आवर्ती निधियों के संबंध में गुजरात राज्य में विगत तीन वर्षो के दौरान यूनीसेफ द्वारा दी गई सहायता के जिले-वार ब्यौरें विवरण-॥ में दिए गए हैं।

विवरण

गुजरात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही पेयजल परियोजनाएं

	टाइम प्रारंभ	प्लान समाप्त	सकत अनुमानित लागत रूपये	जुलाई , 1995 तक % में भैतिक प्रगति	1992-93 के दौरान खर्च रूपये	1993-94 के दौरान खर्च रूपये	1994-95 के दौरान खर्च रूपये
1	2	3	4	5	6	7	8
क. क्षेत्रीय ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाएं							
ऊना- मंडल	7/88	पूर्ण	697.07	98%	66.86	78.03	0.00
कांडलागोंधीधाम	3/88	पूर्ण	541.08	88%	12.51	48.23	28.87
खादिर	4/88	12/95	1000.15	96%	276.20	568.34	73.61
भाठ्रर	4/88	पूर्ण	525.07	97%	37.53	80.01	16.02
ओख-मंडल	4/88	03/96	1480.00	89%	171.84	119.65	48.61
क. का उपयोग			4243.37		564.94	878.26	167.11
ख. व्यक्ति जल ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाएं							
6. इंच डायमीटर	4/87	पूर्ण	3215.46		8.50	0.00	0.00
8इंच डायमीटर ट्यवबैल	4/87	पूर्ण			45.50	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8
ख. का उपयोग			3215.46	100%	54.00	0.00	0.00
ग.विविध							
कम लागत के शौचालय	4/89		1903.87	109%	436.53	446.18	165.92
वर्षा का जल एकत्रीकरण ढांचे		पूर्ण	130.00	108%	73.73	51.51	19.39
ग. का उपयोग			2033.87		510.26	497.69	185.31
घ मेहसाना फलोराइड परियोजना हेतु अध्ययन							
			140.00	50%	3.61	94.25	84.25
घ. का उपयोग			140.00				
छः महा योग			9632.70		1129.20	1460.20	436.67

विवरण

यूनिसेफ द्वारा गुजरात राज्य को पिछले तीन वर्षो के दौरान दी गई सहायता

(रूपये लाख में)

	1993-94	1994-95	1995-96
अहमदाबाद	1.25	-	1.50
जूनागढ़	-	-	1.50
पंचमहल	1.25	1.08	1.50
भडोच	-	-	1.50
सुन्दर नगर	-	-	1.50
बनास कांठा	1.25	-	1.50
कंच्छ	1.25	-	1.50
सूरत	-	-	1.50
अमरेली	-	-	1.50
मेहसाना	-	-	1.50
क्लासाड	-	6.50	1.50
साबरकांठा	-	0.50	1.50
बडोदरा	1.25	0.50	1.50
भावनगर	-	-	1.50
डांग्स	2.50	0.50	1.50
गांधी नगर	2.50	-	1.50
जाम नगर	-	-	1.50
खेडा	2.50	-	1.50
राजकोट	-	-	1.50